# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय
आरा - 802 301 (बिहार)
Ph. & Fax : 06182 - 239209


पत्रांक:-............................................ दिनांक:-............................................

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**
सभी अंगीभूत/नव स्थापित अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

विषय:- स्नातक सत्र 2026-30, सेमेस्टर-I, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु द्वितीय मेधा सूची के आधार पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन अपडेट करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि विश्वविद्यालय के समस्त अंगीभूत, नव स्थापित अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक सेमेस्टर-I, सत्र 2026-30, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में जारी नामांकन प्रक्रिया में द्वितीय मेधा सूची का प्रकाशन दिनांक 13.07.2026 को समर्थ पोर्टल पर किया जा रहा है। नामांकन के इच्छुक छात्र/छात्राएँ दिनांक16.07.2026 तक सम्बंधित महाविद्यालय में मूल प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन कराते हुए निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपना नामांकन पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

नामांकन की प्रक्रिया प्रथम मेधा सूची नामांकन प्रक्रिया के अनुरूप ही रहेगी।

**नोट:- पंजीयन शुल्क एवं प्रयोगशाला शुल्क के अतिरिक्त SC, ST, के छात्र/छात्राएँ एवं सभी कोटि के छात्राओं से किसी प्रकार का कोई शुल्क नामांकन मद में नहीं लिया जाय। पोर्टल पर नामांकन अपडेट करने सम्बंधी दिशा-निर्देश समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध है।**

विश्वासभाजन

ह०/-

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

ज्ञापांक DSW/54/26.... दिनांक 11/07/2026....

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित:-

1. कुलपति/प्रतिकुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

11.07.26.

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

11/07/26

D New Ho B.K. P-170